**Development of Tourism in Eastern Ghats Near Vishakhapatnam**

1492. SHRI V. HANUMANTHA RAO: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether a master plan has been drawn up for development of tourism in the Eastern Ghats near Visakhapatnam;

(b) if so, the details thereof;

(c) what are the incentives proposed for the development of hill stations in Andhra Pradesh; and

(d) the details thereof?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GHULAM NABI AZAD): (a) and (b) Yes Sir, the Tourism Master Plan of Government of Andhra Pradesh has notified Vishakhapatnam as one of the Special Tourism Areas for development and investment. The Master Plan envisages an amount of Rs. 2563 lakhs for Vishakhapatnam towards development of various sectors such as bus stand and parking, water supply and drainage, hotels, toilets & lights etc.

(c) and (d) For the development of Tourism the Government of Andhra Pradesh is providing incentives to investors such as Tax Holiday on Sales Tax, rebate on electricity charges, investment subsidy etc.

**कपड़ा उद्योग में निर्यात की वृद्धि दर में कमी आना**

1493. **श्री राम जेठमलानी:**
**श्रीमती सुषमा स्वराज:**

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि 1995-96 के प्रथम छः महीनों के दौरान वर्ष 1994-95 की इसी अवधि की तुलना में देश के कपड़ा उद्योग के निर्यातों में वृद्धि की वार्षिक दर में कमी आयी है;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1994-95 और 1995-96 के प्रथम छः महीनों के दौरान कपड़ा उद्योग में वृद्धि की दर कितनी थी;

(ग) क्या यह भी सच है कि निर्यातों में वार्षिक वृद्धि की दर रुपया और डालर खरीद के संबंध में अलग-अलग रही है; और

(घ) यदि हां, तो ये वृद्धि दरें कितनी-कितनी थीं और निर्यात में वृद्धि की दर में कमी आने के क्या कारण हैं?

**वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ):** (क) से (घ) वर्ष 1995-96 के पहले छः महीनों अर्थात् अप्रैल-सितम्बर, 1996 के दौरान हस्तशिल्प, पटसन और कयर सहित वस्त्र निर्यात में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में डालरों के रूप में 13.5 प्रतिशत तथा रुपयों के रूप में 14.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। चालू वर्ष के दौरान रुपयों और डालरों के रूप में हुई वृद्धि में मामूली अन्तर, विनिमय दर में उतार-चढ़ाव होने के कारण है। वर्ष 1994-95 के पूर्वार्ध अर्थात् अप्रैल-सितम्बर, 1994 में रुपयों और डालरों दोनों के रूप में यह वृद्धि वर्ष 1993-94 की इसी अवधि की तुलना में 26.6 प्रतिशत थी। चालू वर्ष के दौरान वृद्धि के निम्नतर दर, कुछ प्रमुख परिधान आयातक देशों में फुटकर कार्यकलाप में मन्दी तथा गिरावट आने के कारण मानी जा सकती है।

**गुजरात में हथकरघा क्षेत्र की योजनाओं हेतु वित्तीय सहायता**

1494. *श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल:* क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1990-91, 1991-92, 1992-93, 1993-94 और 1994-95 के दौरान अब तक केन्द्रीय सरकार द्वारा गुजरात सरकार को हथकरघा क्षेत्र के समुचित विकास के लिए विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत जिला-वार कितनी धनराशि दी गई है;

(ख) क्या राज्य सरकार ने केन्द्रीय सरकार से चालू योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए उपलब्ध कराई गई धनराशि में वृद्धि करने का अनुरोध किया है;

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और